# Important Questions Class 6 Hindi Chapter 10 संसार पुस्तक है

**प्रश्न 1. तुमने किस देश का हाल पढ़ा है?**

**उत्तर:** हिंदुस्तान और इंग्लैंड का हाल पढ़ा है।

**प्रश्न 2. इंग्लैंड और हिंदुस्तान में क्या अंतर है?**

**उत्तर:** इंग्लैंड एक छोटा-सा टापू है और हिंदुस्तान एक बड़ा देश है।

**प्रश्न 3. क्या तुम्हें इस दुनिया के और उन छोटे-बड़े देशों की कथाएँ पढ़ने का शौक है?**

**उत्तर:** हाँ, मुझे इस दुनिया की कथाएँ पढ़ने का शौक है।

**प्रश्न 4. कौन से चीज़ों से हमें दुनिया का पुराना हाल मालूम हो सकता है?**

**उत्तर:** पहाड़, समुद्र, नदियाँ, पुरानी हड्डियाँ आदि से हमें दुनिया का पुराना हाल मालूम हो सकता है।

**अतिलघुउत्तरीयप्रश्न। (1अंक)**

**प्रश्न 5. इतिहास कौन लिखता है?**

**उत्तर:** इतिहास विद्वान लिखते हैं।

**प्रश्न 6. सैकड़ों वर्ष पहले धरती पर मनुष्यों का निवास क्यों नहीं था?**

**उत्तर:** सैकड़ों वर्ष पहले धरती का तापमान बहुत ज्यादा था। इसी कारण उस समय धरती पर मनुष्य का निवास नहीं था।

**प्रश्न 7. प्रकृति के अक्षर क्या है?**

**उत्तर:** जो अक्षर हमें धरती के बारे में ज्ञान देते हैं, जैसे कि सड़कें, पहाड़, नदियाँ, आदि सब प्रकृति के अक्षर है।

**प्रश्न 8. यह खत किसने और किसके लिए लिखा है?**

**उत्तर:** यह खत पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी बेटी इंदिरा गांधी के लिए लिखा है।

**प्रश्न 9. खत में इंग्लैंड को क्या कहा गया है?**

**उत्तर:** खत में इंग्लैंड को एक छोटा सा टापू बताया गया है।

**लघुउत्तरीयप्रश्न (2 अंक)**

**प्रश्न 10. पुराने समय के बारे में सही सही बताना क्यों मुश्किल है?**

https://www.evidyarthi.in/

**उत्तर:** पुराने समय के बारे में सही-सही बताना इसलिए मुश्किल है क्योंकि उस समय के लोग आज के लोगों की तरह किताबें नहीं लिखा करते थे और उस समय का जो कुछ भी बचा हुआ था, सभी लगभग नष्ट हो चुका है।

**प्रश्न 11. लेखक ने संसार-रूपी पुस्तक किस को कहा है?**

**उत्तर:** लेखक ने संसार-रूपी पुस्तक प्रकृति के अक्षरों, जैसे कि पत्थर, नदियां, पहाड़ों को कहा है, क्योंकि यह हमें संसार के बारे में जानकारी देते हैं।

**प्रश्न 12. क्या देखकर पता चलेगा कि धरती पर पहले मौसम गर्म हुआ करता था?**

**उत्तर:** पहले के समय मे पाए जाने वाले इंसानो एवं जानवरों के बचे हुए हड्डियों को देखकर यह पता चलता है कि धरती पर पहले मौसम गर्म हुआ करता था।

**प्रश्न 13. कोई भी ज़बान सीखने के लिए क्या जरूरी है?**

**उत्तर:** कोई भी ज़बान, जैसे कि हिंदी, उर्दू, फारसी, आदि सीखने के लिए यह बहुत जरूरी है कि हमें उस ज़बान के अक्षरों के बारे में जानकारी होनी चाहिए।

**प्रश्न 14. लेखक ने संसार का छोटा सा पृष्ठ किसे कहा है?**

**उत्तर:** लेखक ने संसार की पुस्तक का छोटा सा पृष्ठ, एक छोटा-सा रोड़ा जो सड़क पर या पहाड़ के नीचे पड़ा है, जिसे हम कुछ नहीं समझते हैं, उसे कहा है।

**लघुउत्तरीयप्रश्न (3अंक)**

**प्रश्न 15. लेखक लड़की से क्या आशा करते हैं?**

**उत्तर:** लेखक ने लड़की से यह उम्मीद लगाई है कि वह संसार में फैले अक्षरों को पहचानेगी और केवल किताब में छपे इतिहास को ही नहीं बल्कि अन्य इतिहास को भी पढ़ेगी। लेखक लड़की से यह आशा करते हैं कि लड़की भी उनकी तरह आस-पास की चीजें देखें और अपनी समझ को बढ़ाएं।

**प्रश्न 16. विद्वानों ने पुराने समय के बारे में जानकारी कहाँ से इकट्ठा किया?**

**उत्तर:** विद्वानों ने पुराने समय के बारे में जानकारी इकट्ठा करने के लिए पत्थरों, पहाड़ों और नदियों के संरचना को देखा और पुराने समय के जानवरों और इंसानों के हड्डियों का अध्ययन किया। उन्होंने अपने सारे अध्ययनों को एक किताब का रूप दिया। आज वही किताब इतिहास के रूप में जानी जाती है।

**प्रश्न 17. पत्थरों और पहाड़ों को लेखक ने गौर से देखने को क्यों कहा है?**

**उत्तर:** पत्थरों और पहाड़ों को लेखक ने गौर से देखने को इसलिए कहा है क्योंकि पत्थरों और पहाड़ों से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इस कहानी में लेखक ने लड़की को पत्थरों और पहाड़ों को गौर से देखने को कहा है क्योंकि लेखक चाहते हैं कि वह लड़की भी अन्य लोगों की तरह, यह संसार रूपी किताब पढ़कर विद्वान बन जाए।

**प्रश्न 18. संसार-रूपी पुस्तक को विस्तार से समझाइए।**

https://www.evidyarthi.in/

**उत्तर:** संसार-रूपी पुस्तक में हमें संसार के बारे में विस्तार से बताया गया है। जैसे कि पहले धरती कैसी थी?, धरती पर पहले कौन रहता था?, पहले के जानवर कैसे होते थे? आदि प्रश्नों का उत्तर हमें संसार-रूपी पुस्तक में मिलता है।

**प्रश्न 19. धरती पहले कैसी थी? कौन रहता था?**

**उत्तर:** आज से लाखों-करोड़ों साल पहले इस धरती का जन्म हुआ था। पहले यह धरती बहुत गर्म हुआ करती थी। धरती पर पहले किसी भी प्रकार के जीवन की कोई भी संभावना नहीं थी। धीरे-धीरे जब यह धरती ठंडी हुई, तब यहां जानवरों का जन्म हुआ। जानवरों के जन्म के कई हजार सालों बाद, यहां मानव-जाति का जन्म हुआ। इतिहासकारों के अनुसार इस धरती पर सबसे पहले पेड़- पौधे, फिर जानवर, और अंत में मानव जाति रहने लगे।

**प्रश्न 20. रोड़े का उदाहरण देकर लेखक ने क्या समझाया है?**

**उत्तर:** रोड़े का उदाहरण देकर लेखक ने यहां यह समझाने का प्रयास किया है कि इस पृथ्वी में हर एक चीज होने की एक वजह होती है। यदि मनुष्य उस वजह को समझ जाएगा, तो वह इस पृथ्वी के अनसुलझे रहस्य को सुलझा लेगा।

**दीर्घउत्तरीयप्रश्न (5 अंक)**

**प्रश्न 21. प्रेमचंद का संक्षिप्त जीवन परिचय लिखिए।**

**उत्तर:** प्रेमचंद का जन्म, 31 जुलाई 1880, को वाराणसी के निकट लमही गांव में एक कायस्थ परिवार में हुआ था। इनकी माता का नाम आनंदी देवी तथा पिता का नाम मुंशी अजायबराय था। प्रेमचंद के पिता, लमही में, डाकमुंशी थे। प्रेमचंद को पढ़ने का शौक बचपन से ही था। सन् 1898 मे, मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद, वे एक स्थानीय विद्यालय में, शिक्षक नियुक्त हो गए। जीवन के अंतिम दिनों में वह गंभीर रूप से बीमार पड़ गए और लंबे समय तक बीमार रहने के पश्चात 8 अक्टूबर 1936, को उनका निधन हो गया। प्रेमचंद के सर्वश्रेष्ठ प्रसिद्ध उपन्यासों में से गोदान, संबन और सेवा सदन प्रमुख है।

**प्रश्न 22. जवाहरलाल नेहरू का संक्षिप्त जीवन-परिचय लिखिए।**

**उत्तर:** पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म, 14 नवंबर 1889 को, ब्रिटिश भारत के इलाहाबाद में हुआ था। इनके पिता मोतीलाल नेहरू, एक धनी बैरिस्टर थे। जवाहरलाल नेहरू तीन भाई बहन थे, जिनमें वह सबसे बड़े थे और बाकी की दो बहने थी। इन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा हैरो से, और कॉलेज की पढ़ाई, ट्रिनिटी कॉलेज, कैंब्रिज (लंदन) से पूरी की। इसके बाद उन्होंने लॉ की पढ़ाई कैंब्रिज विश्वविद्यालय से पूरी की। पंडित जवाहरलाल नेहरू 1912 में भारत लौटे और भारत में ही वकालत शुरू की। जवाहरलाल नेहरू ने 1920 – 1922 मे असहयोग आंदोलन में सक्रिय हिस्सा लिया। पंडित जवाहरलाल नेहरु की मृत्यु, 27 मई 1964 को 74 वर्ष की आयु में, दिल्ली में हुई।

**प्रश्न 23. इतिहास को लिखने के लिए साक्ष्य कहां से और कैसे जुटाए गए?**

**उत्तर:** धरती पर पहले से पढ़े हुए अवशेषों की जांच और अध्ययन से हमें धरती के पूर्व रूप के बारे में पता चलता है। इतिहास को लिखने के लिए जो साक्ष्य हमें मिले, वह हमें विभिन्न जगह खुदाई से मिले। साक्ष्य से हमें यह पता चला कि धरती पर पहले कोई लोग समाज या ग्राम रहा करते थे। मिले हुए जीवाश्म के ऊपर, सभी के

https://www.evidyarthi.in/

राय को इकट्ठा करके, एक सर्वोत्तम राय को तवज्जो दी जाती है। फिर इसे एक किताब का रूप दिया जाता है, जिससे हमें और आपको इतिहास के बारे में पता चलता है।

**प्रश्न 24. दुनिया का हाल जानने के लिए लेखक ने कौन सा तरीका समझाया है?**

**उत्तर:** दुनिया का हाल समझने के लिए लेखक ने कहा है कि, हमें आसपास की ऐसी चीजें जो बहुत ही पहले से है, उसे परखने की आवश्यकता है। वह कौन सी चीज है?, वह ऐसी क्यों दिखती है? जब कोई वस्तु देखकर ऐसे सवाल हमारे मन में आए, तो यह जरूरी है कि हम उसकी जानकारी प्राप्त करने की कोशिश करें। यह हमें दुनिया समझने का एक अलग नजरिया प्रदान करेगा।

evidyarthi